# ओपन डक्ट की नहीं हो रही सफाई

## गंदगी के साथ-साथ फैल रहे मच्छर, ओपन डक्ट पर नहीं रखे गए कम वजन वाले पेफरेटेड प्रीकास्ट ढक्कन



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी के वार्डो मे स्मार्ट सिटी के माध्यम से ही ओपन डक्ट बनाई गई थी. जिससे कि साफ सफाई हो सके. मगर आलम यह है कि ओपन डक्ट की सफाई समय पर नही होने के कारण गंदा पानी एकत्रित हो रहा है और गंदगी के साथ साथ मच्छर पनप रहे है.**

**आज दिनांक तक नहीं हो सका निर्देश पर अमल**

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी में सागर के शामिल होने के बाद सागर नगर में प्रमुख मार्गो के सड़क चौड़ीकरण के साथ साथ वार्डो के अंदर नाली निकासी की उचित व्यवस्था कराने के उद्देश्य से नवीन निर्माण कार्य कराए गए.

शिवाजी वार्ड के बालक हिल व्यू मे जैन मंदिर के आसपास ओपन डक्ट का निर्माण कराया गया, जिससे नाली की साफ-सफाई हो सके. मगर नाली की साफ-सफाई पर सफाईकर्मियों का ध्यान नही जा रहा.

जिसके कारण नाली के अंदर गंदा पानी का जमाव हो रहा है तो वही आसपास के क्षेत्र मे मच्छर पनप रहे है. स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियो में रात दिन प्रमुख मार्गो की साफ सफाई मे जुटे सफाई अमले का वार्डो के अंदर की साफ-सफाई पर ध्यान नही है.

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने दो वर्ष पूर्व कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विभागीय बैठक मे निर्देश दिए थे कि ओपन डक्ट पर कम वजन वाले पेफरेटेड प्रीकास्ट ढक्कन रखे ताकि समय समय पर आसानी से ढक्कन हटाकर नालियो की साफ-सफाई की जा सके और स्वच्छता सुनिश्चित हो. मगर आज दिनांक तक निर्देश पर अमल नहीं हुआ है और खुली नालियो से गंदगी फैल रही है जिसके कारण बीमारियों की भी आशंका बनी हुई है.

## 42 .59 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें

**सागर.** केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई-आईबी बैच-के अंतर्गत सागर लोकसभा क्षेत्र के लिए 42 करोड़ 59 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 28 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है. इन सड़कों की कुल लंबाई 43.295 किलोमीटर होगी, जिससे क्षेत्र के 28 गांवों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा मिल सकेगी. इस संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सांसद डॉ. लता वानखेडे को पत्र भेजकर जानकारी दी गई. स्वीकृत सड़क परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ-साथ आवागमन सुगम होग. इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

# कामचोर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट : खाद्य मंत्री

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. जनता को पानी देने के मामले में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी. अधिकारी और इंजीनियर दफ्तरों से बाहर निकलें और खुद मौके पर जाकर ठेकेदारों से काम कराएं.**




यह सख्त निर्देश खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए है. बैठक में मंत्री श्री राजपूत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अंतर्गत एक-एक परियोजना की योजनावार विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने कई जटिल मुद्दों का निपटारा किया. मंत्री श्री राजपूत ने बैठक में मौजूद संबंधित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर हर क्षेत्र की वास्तविक वस्तुस्थिति जानी. जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं जैसे पाइपलाइन का न बिछना और ठेकेदारों की मनमानी पर मंत्री जी ने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को ऑन-स्पॉट सुधार के निर्देश दिए. मंत्री श्री राजपूत ने बिजली विभाग और पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली के अभाव या तकनीकी खराबी के कारण कोई भी नल-जल योजना बंद नहीं होनी चाहिए. श्री राजपूत ने एनएचएआई रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि लापरवाही पूर्ण रोड निर्माण के कारण लगभग 40-50 ग्रामवासी पानी के लिए परेशान है जिन पाइप लाइनों को रोड निर्माण के कारण क्षति पहुंची है उनके सुधार एक सप्ताह में किए जाएं. ग्राम पंचायतों को सुपुर्द हो चुकी योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए वॉल्व ऑपरेटर्स को तकनीकी ट्रेनिंग दी जाए, एवं जलप्रदाय हेतु समय निर्धारित कर पेयजल का प्रदाय सुनिश्चित करें जिससे ग्रामीण स्तर पर पानी का वितरण सही तरीके से हो सके. ऐसे ठेकेदार जिन्होंने समय पर काम शुरू नहीं किया या काम अधूरा छोड़ दिया है, उनके खिलाफ पेनाल्टी लगाने,ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.

# जैव विविधता प्रश्नोत्तरी संपन्न




**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस एवं विजन के पंचम स्थापना दिवस पर चयनित 6 संभागों भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा के बीच अंतर-जिला जैव विविधता एवं पर्यावरण जागरूकता प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ.**

प्रतियोगिता में टीम सागर ने प्रथम स्थान और टीम भोपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. समारोह का शुभारंभ आयुक्त तपस्या परिहार, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, श्रीमती धनश्री जैन, एमपी दिव्यांग क्रिकेट टीम कप्तान श्रीमती राधा बड़गुजर और निर्भय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.

## संपत्ति कर पर छूट रहेगी

**सागर.** नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्ति कर की राशि अग्रिम एवं एकमुश्त जमा करने पर शासन द्वारा 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है. यह छूट केवल 30 जून तक ही उपलब्ध रहेगी. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि संपत्ति करदाताओं को समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु छूट योजना लागू की गई है. वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने संपत्ति कर की राशि एकमुश्त जमा कर शासन द्वारा दी जा रही 6.25 प्रतिशत छूट का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें.

# फर्जी दस्तावेजों से हड़पी पैतृक जमीन, आरोपियों पर केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. गोपालगंज थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज और कूटरचित शपथ पत्र के जरिए पैतृक जमीन का फौती नामांतरण कराने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. पुलिस ने जांच के बाद आरोपी अभिसार श्रीवास्तव और कपिल श्रीवास्तव के खिलाफ मामला कायम किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता डॉ. बसंत कुमार श्रीवास्तव निवासी श्रीवास्तव नेत्र चिकित्सालय, टिकारी लिंक रोड, बैतूल ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि उनकी बहन स्व. ज्योति श्रीवास्तव के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर पैतृक संपत्ति का नामांतरण कराया गया है. जांच के दौरान पुलिस ने तहसीलदार कार्यालय से दस्तावेज और रिकॉर्ड प्राप्त किए. जांच में सामने आया कि आरोपी अभिसार श्रीवास्तव और उसके बहनोई कपिल श्रीवास्तव ने तहसील कार्यालय में फर्जी शपथ पत्र पेश किया. इसमें ज्योति श्रीवास्तव की जगह किसी अन्य व्यक्ति से हस्ताक्षर कराए गए थे. पुलिस जांच में यह भी पाया गया कि दस्तावेजों में यह दर्शाया गया कि स्व. शिवप्रसाद श्रीवास्तव के कोई पुत्र नहीं हैं और उनकी पत्नी शीला श्रीवास्तव का निधन हो चुका है, जबकि नामांतरण के समय शीला श्रीवास्तव जीवित थीं. वहीं शिवप्रसाद श्रीवास्तव के दो पुत्र डॉ. बसंत श्रीवास्तव और अखिलेश श्रीवास्तव हैं. आवेदन में बताया गया कि स्व. डॉ. शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने वर्ष 1946 में मनोरमा कॉलोनी गोपालगंज स्थित भूमि खरीदी थी. बाद में उक्त जमीन दानपत्र के माध्यम से डॉ. बसंत श्रीवास्तव के नाम कर दी गई थी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अभिसार श्रीवास्तव पुत्र अनुपम श्रीवास्तव निवासी रीवा तथा कपिल श्रीवास्तव निवासी सागर के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है. जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि तहसीलदार न्यायालय में प्रस्तुत दो अलग-अलग प्रकरणों में ज्योति श्रीवास्तव के हस्ताक्षर पूरी तरह अलग पाए गए. वहीं एक शपथ पत्र का सत्यापन स्वयं अभिसार श्रीवास्तव द्वारा किया गया था.

**डेढ़ लाख रुपए लेने के बाद भी मांगे लाखों रुपए**

डॉ. बसंत कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उनकी बहन का पुत्र अभिसार उर्फ मोनू बैतूल आया था. इस दौरान जमीन के नामांतरण और विक्रय की बात हुई. नामांतरण और दस्तावेज निकलवाने के नाम पर अभिसार और उसके सहयोगियों को नगद और यूपीआई के माध्यम से करीब डेढ़ लाख रुपए दिए गए थे. बाद में लाखों रुपए की और मांग किए जाने पर उन्होंने इनकार कर दिया.

# जैन समाज ने दी आर्यिका माता को विनयाजंलि

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. आर्यिका श्री उपशममति माताजी एवं आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी की रीवा मे सड़क दुर्घटना में हुई समाधि के बाद जैन समाज द्वारा विनयांजलि सभा का आयोजन पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में किया गया.**

आचार्यश्री उदार सागर महाराज, एवं मुनि श्री उपशांत सागर महाराज, ऐलक उत्साह सागर महाराज एवं क्षुल्लक उपकार सागर महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ. सभी वक्ताओं से विचार रखे और संकल्प लिया कि आगे ऐसे दुर्घटनाएं ना घटे प्रयास करना है.



आचार्य श्री ने कहा कि समाज को जागना चाहिए, समाज की शोभा साधु संतो से है. साधु की चर्या समाज पर निर्भर होती है. जैन साधु अपने सिद्धांतों और नियमों का पालन किसी भी परिस्थिति में हो वह करता ही है ,ऐसी घटनाएं आगे कभी न घटे ,इसके इसलिए संकल्पित होकर प्रयास करेंगे. तभी सही विनयांजलि होगी. मुनि श्री उपशांत सागर महाराज ने कहा कि अब निर्णय लेने का समय आ गया है, अब हमें सावधान होने का समय आ गया है. विनयांजलि सभा में ब्र. अंकित भैया धनेटा, ब्र. विकास भैया रहली, ब्रा.निधि दीदी,दिगंबर जैन पंचायत सभा के कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र मालथोन, मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, पंडित उदय चंद्र शास्त्री, पवन दीवान ने अपने विचार रखे. मंदिर कमेटी उपाध्यक्ष प्रो. अमरचंद जैन, सुनील शाहगढ़, एमसी जैन, मनोज जैन लालो, अभय कर्रापुर,डॉ हीरालाल जैन, श्रेयांश सेठ आदि मौजूद थे.

# जरूरतमंदों को प्राप्त हुआ रक्त

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में हुए रिकार्ड तोड़ रक्तदान ने उनके कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर से जरूरतमंद मरीजों की उम्मीदें भी बढ़ाई हैं जो पूरी भी हो रही हैं.**

रक्तदान शिविर के बाद के पहले तीन दिनों 21से 23 मई के बीच उनके कार्यालय से संचालित ब्लड हेल्पलाइन सेंटर में 116 मरीजों ने आग्रह किया और इन सभी को रक्त उपलब्ध कराया गया. उल्लेखनीय है कि जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से 15 मई 2026 तक कुल 1004 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है यह संख्या 23 मई को बढ़ कर 1157 हो गई. इनमें से 116 जरूरतमंदों ने पिछले तीन दिनों में ब्लड हेल्पलाइन नंबर पर काल कर रजिस्ट्रेशन कराया जिन्हें नि.शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है. बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई ब्लड हेल्प हेल्पलाइन के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जाने का कार्य निरंतर हो रहा है.

# प्रताड़ित पार्षद बैठे आमरण अनशन पर

**नवभारत न्यूज**

**बीना 23 मई. रेलवे सुरक्षा बल से प्रताड़ित होकर नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक सहित एक अन्य युवक स्टेशन परिसर में आमरण अनशन पर बोर्ड लगाकर बैठ गए हैं.**




दोनों का आरोप है कि आरपीएफ ने जबरन उन पर मामला दर्ज किया है. इन मांगों को लेकर बैठा आमरण अनशन पर पार्षद बीडी रजक ने आरोप लगाते हुए कहा कि रेलवे क्षेत्र की अव्यवस्थाओं और कथित अनियमितताओं की शिकायत करने पर उन्हें निशाना बनाया गया है. उन्होंने रेलवे मंत्रालय और डीआरएम भोपाल सहित अन्य अधिकारियों को सड़क खुदाई और बाउंड्री वाल निर्माण की शिकायत भेजी थी. शिकायतों से नाराज अधिकारियों ने उन्हें धमकाया. उन्होंने आरोप लगाया कि आरपीएफ ने उन्हें पकड़कर मारपीट की, झूठे मामले में फंसाया और कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए. साथ ही उन्होंने यह आरोप भी लगाया कहा कि कुछ दिन पूर्व चेन पुलिंग के मामले में आरपीएफ द्वारा उनके खिलाफ धारा 141 के तहत कार्रवाई भी की गई थी. इस मामले की शिकायत बीना जीआरपी में करीब 15 दिन पहले आवेदन देकर की थी, लेकिन जीआरपी ने कोई कार्रवाई नहीं की है.



# मतदाता सूची की जांच करें गड़बड़ी मिले तो आपत्ति दर्ज करें

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कांग्रेस कार्यालय में बैठक ली.**

बैठक में श्री जाटव ने कहा कि सभी मिलकर मतदाता सूची की जांच करें और जहां भी लिस्ट में गड़बड़ी मिलें उस पर आपत्ति दर्ज कराई जावे, कोई परेशानी हो तो कार्यालय में संपर्क करें. इस अवसर पर जितेंद्र रोहण, शरद पुरोहित, जमुना सोनी, राजाराम सरवैया, ब्लॉक अध्यक्ष, वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, आनंद हेला, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान, रोशनी खान, सागर साहू, कमलेश तिवारी, डॉ संदीप सबलोक, नीलेश अहिरवार, एड. सुनील ठाकुर, देशराज यादव आदि मौजूद थे.

## पटवारी निलंबित

**सागर.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. पटवारी छत्रपाल सिंह राजपूत, पुरा शाहगढ़ प.ह.नं. 25, तहसील शाहगढ़ (तत्कालीन हल्का पटवारी बरायठा) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. शाहगढ़ में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में बगरौधा निवासी आवेदक द्वारा आवेदन दिया गया कि उसकी भूमि हेतु राजस्व प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार शाहगढ़ द्वारा पारित आदेश अमल हल्का पटवारी द्वारा नहीं किया गया. अभिलेख की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त समय में तत्कालीन हल्का पटवारी बरायठा छत्रपाल सिंह राजपूत द्वारा सम्बंधित आदेश के अमल की कार्यवाही नहीं की गई.

# नशा मुक्ति भारत अभियान चलाया गया

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 23 मई. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान लगातार चलाया जा रहा है.**

इस अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी संस्थान की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रही है. अभियान के दौरान चलचित्र एवं कुंभकरण झांकियों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जा रहा है तथा उन्हें नशा छोड़ने की शपथ भी दिलाई जा रही है. अभियान का शुभारंभ परमात्म स्मृति के साथ किया गया, जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी (सेंटर इंचार्ज), राजयोगिनी बीके मायारानी दीदी, बीके गीता दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके रुबी दीदी, बीके प्रियंका दीदी, बीके



निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके यशवंत भाई, बीके रोहित भाई सहित समस्त ब्रह्माकुमारी परिवार मौजूद रहा. राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने अभियान वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

उन्होंने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी. परिवार और आसपास के लोगों को जागरूक कर उन्हें बेहतर जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कुम्भकरण अपनी शक्तियों को पहचान नहीं पाया और जीवन निद्रा में व्यतीत कर दिया, उसी प्रकार नशे की गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति भी अपनी वास्तविक शक्तियों और जीवन के उद्देश्य को भूल जाता है.

# पोकलेन मशीन और दो डंपर जप्त



**नवभारत न्यूज**

**बीना 23 मई. बीना तहसील के हड़कल जैन क्षेत्र में खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई.**

कार्यवाही के दौरान मिट्टी मुरुम का अवैध खनन करते हुए सड़क निर्माण कंपनी की एक पोकलेन मशीन तथा दो डम्पर मौके पर जप्त किए गए. जप्त पोकलेन मशीन को मशीन ऑपरेटर की सुपुर्दगी में दिया गया है, जबकि दोनों डम्पर थाना बहन की कंजिया चौकी की अभिरक्षा में रखे गए हैं.

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी रहेगी. उक्त प्रकरण को नियमानुसार सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा.

# गुंडे-बदमाश थानों में तलब : थानों में पुलिस परेड

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. अपराधियों और निगरानीशुदा बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया.**



पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुंडा, बदमाश, हिस्ट्रीशीटर और निगरानीशुदा अपराधियों को थानों में तलब कर उनकी पुलिस परेड कराई गई. सुबह से ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने चिन्हित बदमाशों को थानों में बुलाना शुरू किया. कई जगह पुलिसकर्मी स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें थाने लेकर आए. थानों में पहुंचने के बाद सभी बदमाशों की उपस्थिति दर्ज कराई गई और एक-एक कर उनसे पूछताछ की गई. पुलिस अधिकारियों ने उनके वर्तमान जीवन, रोजगार, उठना-बैठना, संपर्क और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी जुटाई. अधिकारियों ने उनके मोबाइल फोन चेक किए, कॉलिंग पैटर्न की जानकारी ली और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी निगरानी की. सीएसपी ललित कश्यप ने बताया कि सभी निगरानीशुदा बदमाशों को थानों में बुलाकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई है और उन्हें हिदायत दी गई है कि वे अपराधिक गतिविधि में शामिल पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी.

# आबकारी अमले ने की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 मई. कंट्रोलर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती पूजा चंद्रन के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा लगातार सागर शहरी क्षेत्र में अवैध अहातों, अवैध मदिरा विक्रय एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन कार्यवाही की जा रही है.**

आबकारी अमले द्वार गुजराती बाजार, मकरोनिया, सिविल लाइन एवं गोपालगंज स्थित मदिरा दुकानों के आसपास जांच की गई. वृत्त उत्तर प्रभारी सियाराम चौधरी द्वारा गुरु गोविंद सिंह वार्ड में अवैध मदिरा विक्रय तथा सदर बाजार सागर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए. साथ ही प्राप्त सूचना के आधार पर धारा 54 के तहत तलाशी कार्यवाही भी की गई है.

इसी प्रकार वृत्त दक्षिण प्रभारी श्रीमती रोशनी उरेती द्वारा सिविल लाइन, गोपालगंज एवं मकरोनिया क्षेत्र में अवैध अहातों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए है. सभी मदिरा दुकानों को सख्त निर्देश दिए गए कि 21 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं किशोरों को मदिरा विक्रय न किया जाए.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2026-27/91 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक: 15/05/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 221/26-27 | तिलकगंज | रजि.बैनामा,शपथ पत्र | कस्तूरीबाई पति रामसेवक एवं रूपांश एवं अशोक दोनों पिता रामसेवक विश्वकर्मा | मुरारीलाल पिता जगन्नाथ प्रसाद साहू |
| 2. | 222/26-27 | मधुकरशाह | रजि.हकत्याग, रजि.बैनामा, शपथ पत्र | मुन्नी पति रेवाराम साहू पुत्री नाथूराम साहू शकुन पति गोविंद प्रसाद पुत्री नाथूराम साहू एवं कालूराम पिता नाथूराम साहू | मोहनलाल पिता नत्थू साहू |
| 3. | 223/26-27 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | सचिन पिता अशोक एवं सोनाली पति सचिन मुखारया | किरण पति राकेश कुमार मिश्रा |
| 4. | 224/26-27 | विठ्ठलनगर | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व. गोपाल पिता मौजीलाल जाटव | ममता पति स्व परमानंद एवं आशीष, चंद्रकिरण, पुत्री/पुत्री स्व परमानंद जाटव, रामदुलारी पति स्व दुलीचंद एवं रविकुमार पिता स्व दुलीचंद जाटव |
| 5. | 225/26-27 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | सौरभ पिता राजेंद्र दुबे | शिल्पा पुत्री बसंत खरे |
| 6. | 226/26-27 | विठ्ठलनगर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | मनोज पिता ओमप्रकाश गुप्ता | शीला पति संतोष सिंह ठाकुर |
| 7. | 227/26-27 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | हरिबाई पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा | पुष्पा पति कृष्णगिरी गोस्वामी |
| 8. | 228/26-27 | तुलसीनगर | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व.रामरानी पति स्व.फागूलाल अहिरवार | लक्ष्मण पिता स्व.फागूलाल अहिरवार |
| 9. | 229/26-27 | तुलसीनगर | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व.रामकली पति स्व. हरिकिशन साहू | हेमराज पिता स्व.हरिकिशन साहू |
| 10. | 230/26-27 | दयानंद | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | हुकुमचंद पिता गोटीराम जैन | मनोरमा पति हरिराम साहू |

**कृते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**